आचार्य महाश्रमण ने की घोषणा

2014 में वृहद मर्यादा महोत्सव गंगाशहर में आयोजित होगा

वहीं पर आचार्य तुलसी जन्म शताब्दि का एक चरण विराट रूप में मनाया जायेगा

सरदारशहर,18 अक्टूबर।

आचार्य महाश्रमण ने गंगाशहर से 2014 के मर्यादा महोत्सव हेतु बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों की अर्ज पर मर्जी करते हुए स्वास्थ्य की अनुकुलता पर 2014 में गंगाशहर की धरा पर वृहद मर्यादा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की। उन्होने इस मौके पर आचार्य तुलसी जन्म शताब्धि वर्ष का एक चरण उसी कालमान के दौरान विराट स्तर पर मनाने की स्वीकृति भी दी। आचार्य महाश्रमण ने कहा कि गंगाशहर के इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित है। ये लोग संघ के रूप में न भी आते तब भी मैं गंगाशहर के विषय में जरूर सोचता। उन्होने कहा कि मांग करने वाला स्वतंत्र होता है पर देने वाला बंधा हुआ होता है। आचार्य महाश्रमण ने भगवान महावीर, आचार्य भिक्षु, आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ का स्मरण करते हुए मर्यादा महोत्सव की घोषणा की।

इससे पूर्व गंगाशहर के श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण अर्ज प्रस्तुत की। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा ने गंगाशहर की अर्ज पर कहा कि जो प्रार्थना तन्मयता एवं श्रद्धा भक्ति के साथ की जाती है वह अवश्य पुरी होती है। शासनश्री मुनि बालचन्द, मुनि पानमल, मुनि जयंतकुमार ने भी अपने भावपूर्ण विचारों की अभिव्यक्ति दी। वरिष्ठ श्रावक टोडरमल ललवाणी, भंवरलाल डागा, सुमेरमल दफ्तरी, लुणकरण छाजेड़, मनोज सेठिया, विमल सिंह चौरड़िया आदि गंगाशहर के श्रावक समाज ने अपनी दलीलों के साथ अर्ज प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन गंगाशहर तेरापंथ सभा के मंत्री आसकरण पारख ने किया।

शब्द संबोध प्रतियोगिता में चन्द्रप्रकाश सेठिया ने बाजी मारी

आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में तेरापंथ किशोर मण्डल द्वारा तेरापंथ भवन में आयोजित शब्द संबोध प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में चन्द्र प्रकाश सेठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेठिया ने आचार्य श्री के प्रवास में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया है। तेरापंथ युवक परिषद् के तत्त्वावधान में तेरापंथ किशोर मण्डल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रश्मि संचेती एवं ज्योति दफ्तरी ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के जुनियर वर्ग में विभा नाहटा ने प्रथम, सिद्धिता बरड़िया ने द्वितीय एवं प्रियंका छाजेड़ ने तृतीय स्थान अर्जित किया। डायमंड साड़िज द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में शुभम बरड़िया, श्रेयांश बरड़िया, मनन बरड़िया, सिद्धान्त बरड़िया, संयम नाहटा, सुमति बोथरा, विनीत पींचा, निर्मल छाजेड़, अमित दस्साणी ने अपना श्रम नियोजित किया।